"इंडियन टेक्सटाइल्स हिट बाई पुअर कंजरवेशन" शीर्षक के अन्तर्गत प्रकाशित समाचार

@2326. श्री हरवेन्द्र सिंह हंसपाल : क्या मानव संसाधन विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार का ध्यान 26 फरवरी, 1987 के "इंडियन एक्सप्रेस" में "इंडियन टेक्सटाइल्स हिट बाई पुअर कंजरवेशन" शीर्षक के अन्तर्गत प्रकाशित समाचार की ओर दिलाया गया है ;

(ख) क्या यह सच है कि भारतीय संग्रहालयों में तथा अन्यत्र रखे गये अनेक पारम्परिक भारतीय वस्त्र घटिया संरक्षण तकनीक के कारण खराब दशा में हैं ; और

(ग) यदि हां तो इस पर सरकार की क्या प्रतिक्रिया है और मध्ययुगीन वस्त्रों के संरक्षण के लिये सरकार क्या और कदम उठाने का विचार रखती है ?

मानव संसाधन विकास मंत्री (श्री पी० वी० नरसिंह राव) : (क) जी, हां।

(ख) और (ग) संग्रहालय, एक राज्य विषय है। वस्तुओं के रखरखाव का उत्तरदायित्व उनके संबंधित प्रबधकों का है।

संस्कृति विभाग के अधीन संग्रहालयों ने यह सूचित किया है कि पारम्परिक भारतीय वस्त्रों को संग्रहालयों में संरक्षण की आधुनिक तकनीकों के साथ समुचित रूप से सुरक्षित रखा जाता है। जिन संग्रहालयों में इन बहुमूल्य वस्त्रों को रखा जाता है, वे प्रशिक्षित कार्मिकों द्वारा संचालित संरक्षण प्रयोगशालाओं से सुसज्जित हैं। कीटों के लिए कीटाणुनाशक उपाय किये जाते हैं। समय-समय पर वैक्यूम क्लीनर्स का प्रयोग किया जाता है। वस्त्र चाहे प्रदर्शन के लिए रखे गये हों अथवा उन्हें स्टोर में रखा गया हो, उन्हें तापमान और नमी की नियमित स्थिति में रखा जाता है ताकि उन्हें लम्बे समय तक अक्षुण रखा जा सके।

कई राज्य संग्रहालयों और प्राइवेट संग्रहलयों में भी संग्रह उपलब्ध है। इन संस्थाओं के व्यक्तियों को संरक्षण में प्रशिक्षित करने के लिए, राष्ट्रीय सांस्कृतिक सम्पदा संरक्षण अनुसंधान प्रयोगशाला, लखनऊ नियमित प्रशिक्षण कार्यक्रमों की व्यवस्था करती है। प्रयोगशाला द्वारा 24 फरवरी से 18 मार्च, 1987 तक लखनऊ में ऐसी एक गहन प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित की जा रही है।

Improvement in Passenger and ground services by Indian Airlines and Air India

2327. SHRI SUBAS MOHANTY: Will the Minister of CIVIL AVIATION be pleased to refer to the answer to Unstarred Question 935 given in the Rajya Sabha on the 4th March, 1987 and state what guidelines have been issued to Air India and Indian Airlines for improving passenger and ground servcies?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF CIVIL AVIATION (SHRI JAGDISH TYTLER): In the matter of delays, corrective action is being taken by the airlines concerned. As far as improvement of passenger and ground services are concerned, periodic meetings are being taken by the Ministry and suggestions given to the airlines for improving services.

Evaluation of the examination system

2328. SHRI R. SAMBASIVA RAO: Will the Minister of HUMAN RESOURCE DEVELOPMENT be pleased to state:

(a) whether there is any proposal under Government's consideration to evaluate the examination system; and

(b) if so, what are the details in this regard?

THE MINISTER OF HUMAN RESOURCE DEVELOPMENT (SHRI P. V. NARASIMHA RAO): (a) and (b) Yes, Sir. Government is of the view that the present system of examina-

@पूर्वत. अतारांकित प्रश्न 1637, 10 मार्च 1987 से स्थानान्तरित।